भारत सरकार

पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 2146

06.08.2026 को उत्तर के लिए

वायु गुणवत्ता निगरानी अवसंरचना

2146. श्री मंसूर अली खान :

क्या **पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) आज की तारीख तक देश में संचालित वायु गुणवत्ता निगरानी स्टेशनों की राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार संख्या कितनी है;

(ख) वर्ष 2021 से वायु गुणवत्ता निगरानी स्टेशनों की स्थापना, संचालन और रख-रखाव के लिए राष्ट्रीय वायु गुणवत्ता निगरानी कार्यक्रम के अंतर्गत राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार कितनी वित्तीय सहायता निर्गत की गई है;

(ग) लक्ष्य प्राप्ति में असफल शहरों की राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार संख्या कितनी है, राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम के अंतर्गत प्रत्येक शहर के लिए कितनी निधि निर्गत की गई है और उसके अंतर्गत कितना व्यय दर्ज किया गया है; और

(घ) क्या सरकार ने गुणवत्ता निगरानी नेटवर्क की पर्याप्तता का आकलन किया है और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन राज्य मंत्री
(श्री कीर्तवर्धन सिंह)

(क) से (घ) सीपीसीबी ने परिवेशी वायु गुणवत्ता निगरानी स्टेशन स्थापित करने के लिए दिशानिर्देश नामतः "परिवेशी वायु प्रदूषकों के मापन हेतु दिशानिर्देश (खंड-1: मैनुअल सैंपलिंग और विश्लेषण के लिए दिशानिर्देश, और खंड-2: रियल-टाइम सैंपलिंग और विश्लेषण के लिए दिशानिर्देश)" जारी किए हैं। इसके अतिरिक्त, सीपीसीबी ने "सतत परिवेशी वायु गुणवत्ता निगरानी प्रणाली (रियल-टाइम) की स्थापना, अनुरक्षण, अंशांकन, डेटा कनेक्टिविटी तथा डेटा गुणवत्ता जांच हेतु तकनीकी पुस्तिका" भी जारी की है।

संबंधित राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड/प्रदूषण नियंत्रण समितियाँ जनसंख्या-आधारित मानदंडों तथा केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) द्वारा जारी दिशानिर्देशों के अनुरूप परिवेशी वायु गुणवत्ता की निगरानी हेतु निगरानी केंद्रों की स्थापना एवं संचालन करती हैं। परिवेशी वायु गुणवत्ता निगरानी नेटवर्क के डिजाइन हेतु मानदंड **अनुलग्नक-I** में दिए गए हैं।

देशभर के 28 राज्यों एवं 7 संघ राज्य क्षेत्रों के 603 शहरों में कुल 1,646 परिवेशी वायु गुणवत्ता निगरानी केंद्र स्थापित किए जा चुके हैं तथा संचालित हैं। राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार परिवेशी वायु गुणवत्ता निगरानी केंद्रों की सूची **अनुलग्नक-II** में संलग्न है।

राष्ट्रीय परिवेशी वायु गुणवत्ता निगरानी कार्यक्रम (एनएएमपी) के तहत परिवेशी वायु गुणवत्ता निगरानी स्टेशनों की स्थापना और संचालन के लिए एसपीसीबी/पीसीसी को प्रदान की गई धनराशि का राज्यवार विवरण **अनुलग्नक-III** में दिया गया है।

शहरी क्षेत्रों में वायु प्रदूषण की समस्या के समाधान हेतु पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय ने राष्ट्रीय, राज्य तथा शहरी-स्तर की स्वच्छ वायु कार्य योजनाओं के कार्यान्वयन के माध्यम से 24 राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के मानकों को न प्राप्त करने वाले एवं दस लाख से अधिक जनसंख्या वाले 130 शहरों में वायु गुणवत्ता में सुधार के लिए राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम (एनसीएपी) शुरू किया है।

वित्तीय वर्ष 2019-20 से 2025-26 के दौरान 130 शहरों में वायु गुणवत्ता सुधार संबंधी उपायों के कार्यान्वयन हेतु वायु गुणवत्ता प्रदर्शन-आधारित अनुदान के रूप में ₹16,423.56 करोड़ उपलब्ध कराए गए हैं। प्राण पोर्टल पर शहरों द्वारा उपलब्ध कराई गई जानकारी के अनुसार 130 शहरों को जारी की गई निधि तथा उसके उपयोग का शहर-वार विवरण **अनुलग्नक-IV** में दिया गया है।

*****

अनुलग्नक-I

परिवेशी वायु गुणवत्ता निगरानी नेटवर्क को डिजाइन करने के लिए मानदंड

जनसंख्या	एनएएमपी के तहत मैनुअल स्टेशन की न्यूनतम संख्या	प्रस्तावित सीएएक्यूएमएस की न्यूनतम संख्या	कुल
1,00,000- < 5,00,000	1- पृष्ठभूमि 2- आवासीय/वाणिज्यिक	1- आवासीय	4
5,00,000- <10,00,000	1- पृष्ठभूमि 2- आवासीय/वाणिज्यिक	1- आवासीय 1- यातायात-प्रधान क्षेत्र 1- वाणिज्यिक	6
10,00,000- <50,00,000	1- पृष्ठभूमि 2- आवासीय/वाणिज्यिक	2- आवासीय 1- यातायात-प्रधान क्षेत्र 1- वाणिज्यिक 1- औद्योगिक क्षेत्र	8
≥50,00,000	1- पवन की विपरीत दिशा में स्थित पृष्ठभूमि क्षेत्र 1- पवन की दिशा के अनुरूप स्थित 2-आवासीय/वाणिज्यिक	4- आवासीय 3- यातायात-प्रधान क्षेत्र 3- वाणिज्यिक 2- औद्योगिक क्षेत्र	16

अनुलग्नक-II

परिवेशी वायु गुणवत्ता निगरानी नेटवर्क का राज्य-वार विवरण

क्र. सं.	राज्य / संघ राज्य क्षेत्र	परिवेशी वायु गुणवत्ता निगरानी केंद्रो की संख्या
1.	अंडमान और निकोबार (संघ राज्य क्षेत्र)	4
2.	आंध्र प्रदेश	88
3.	अरुणाचल प्रदेश	3
4.	असम	41
5.	बिहार	43
6.	चंडीगढ़ (संघ राज्य क्षेत्र)	8
7.	छत्तीसगढ़	31
8.	दादरा और नगर हवेली और दमन और दीव (संघ राज्य क्षेत्र)	6
9.	दिल्ली (संघ राज्य क्षेत्र)	53
10.	गोवा	18
11.	गुजरात	87
12.	हरियाणा	36
13.	हिमाचल प्रदेश	26
14.	जम्मू और कश्मीर (संघ राज्य क्षेत्र)	34
15.	झारखंड	14
16.	कर्नाटक	73
17.	केरल	38

18.	लक्षद्वीप (संघ राज्य क्षेत्र)	1
19.	मध्य प्रदेश	72
20.	महाराष्ट्र	177
21.	मणिपुर	3
22.	मेघालय	34
23.	मिजोरम	35
24.	नागालैंड	38
25.	ओडिशा	81
26.	पांडिचेरी (संघ राज्य क्षेत्र)	7
27.	पंजाब	76
28.	राजस्थान	92
29.	सिक्किम	10
30.	तमिलनाडु	89
31.	तेलंगाना	36
32.	त्रिपुरा	4
33.	उत्तर प्रदेश	164
34.	उत्तराखंड	15
35.	पश्चिम बंगाल	109
		1646

अनुबंध-III

वित्तीय वर्ष 2021-22 से राष्ट्रीय परिवेशी वायु गुणवत्ता निगरानी कार्यक्रम के अंतर्गत राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्डों /प्रदूषण नियंत्रण समितियों को जारी की गई निधि का विवरण

क्र. सं.	राज्य/ संघ राज्य क्षेत्र	राशि (रु. में)
1.	अंडमान और निकोबार (संघ राज्य क्षेत्र)	₹ 61,76,000
2.	आंध्र प्रदेश	₹ 9,55,17,667
3.	अरुणाचल प्रदेश	₹ 1,06,66,671
4.	असम	₹ 6,74,46,333
5.	बिहार	₹ 92,05,000
6.	चंडीगढ़ (संघ राज्य क्षेत्र)	₹ 61,30,667
7.	छत्तीसगढ़	₹ 2,25,96,334
8.	दादरा एवं नगर हवेली तथा दमन एवं दीव (संघ राज्य क्षेत्र)	₹ 1,21,49,000
9.	गोवा	₹ 7,25,13,916
10.	गुजरात	₹ 4,26,43,667
11.	हरियाणा	₹ 20,20,000
12.	हिमाचल प्रदेश	₹ 8,48,43,376
13.	जम्मू और कश्मीर (संघ राज्य क्षेत्र)	₹ 2,79,47,333
14.	झारखंड	₹ 7,88,96,000
15.	कर्नाटक	₹ 7,09,37,333
16.	केरल	₹ 3,29,67,664
17.	लक्षद्वीप (यूटी)	₹ 17,00,000

18.	मध्य प्रदेश	₹ 1,64,21,667
19.	महाराष्ट्र	₹ 8,00,07,333
20.	मणिपुर	₹ 1,83,27,336
21.	मेघालय	₹ 3,78,30,667
22.	मिजोरम	₹ 5,51,51,334
23.	नागालैंड	₹ 4,78,70,667
24.	ओडिशा	₹ 4,52,28,960
25.	पांडिचेरी (संघ राज्य क्षेत्र)	₹ 96,80,000
26.	पंजाब	₹ 6,55,67,666
27.	राजस्थान	₹ 4,43,41,667
28.	सिक्किम	₹ 2,75,28,667
29.	तमिलनाडु	₹ 5,40,73,334
30.	तेलंगाना	₹ 4,06,96,665
31.	त्रिपुरा	₹ 92,66,000
32.	उत्तर प्रदेश	₹ 13,43,10,467
33.	उत्तराखंड	₹ 3,74,96,334
34.	पश्चिम बंगाल	₹ 13,30,27,666
	कुल	**₹ 1,50,11,83,391**

अनुबंध-IV

वित्तीय वर्ष 2019-20 से वित्तीय वर्ष 2025-26 तक राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम के अंतर्गत 130 शहरों को जारी की गई निधि तथा जुलाई, 2026 की स्थिति के अनुसार उसके उपयोग का विवरण

(करोड़ रुपये में)

क्र. सं.	राज्य	शहर	जारी की गई निधि	उपयोग की गई निधि
1	आंध्र प्रदेश	अनंतपुर	16.24	12.18
2		चित्तूर	8.26	6.88
3		एलुरु	6.43	5.66
4		गुंटूर	20.26	20.26
5		कडपा	14.17	13.75
6		कुरनूल	14.74	11.83
7		नेल्लोर	30.95	29.97
8		ओंगोल	12.25	11.14
9		राजमुंदरी	9.55	8.80
10		श्रीकाकुलम	6.53	4.77
11		विजयनगरम	8.15	7.02
12		विजयवाड़ा यूए	194.00	91.27
13		विशाखापत्तनम यूए	212.09	74.55
14	असम	गुवाहाटी	108.64	51.28
15		नगांव	20.42	10.90
16		नलबाड़ी	11.72	8.43
17		शिवसागर	13.29	6.33
18		सिलचर	17.59	11.51
19	बिहार	गया	32.99	9.82
20		मुजफ्फरपुर	35.52	15.56
21		पटना यूए	328.99	269.46
22	चंडीगढ़	चंडीगढ़	46.76	31.17
23	छत्तीसगढ	कोरबा	10.47	7.89
24		दुर्ग भिलाईनगर यूए	164.85	123.41
25		रायपुर यूए	179.57	112.53
26	दिल्ली	दिल्ली	81.36	33.49
27	गुजरात	अहमदाबाद यूए	749.80	639.69
28		राजकोट यूए	158.29	126.42

29		सूरत यूए	453.78	333.30
30		वडोदरा यूए	184.51	155.88
31	हरियाणा	फरीदाबाद यूए	138.97	84.36
32	हिमाचल प्रदेश	बद्दी	4.38	3.31
33		दमताल	3.02	1.76
34		काला अंब	5.18	3.90
35		नालागढ़	2.95	2.32
36		पांवटा साहिब	3.53	2.18
37		परवाणू	3.07	2.53
38		सुंदर नगर	3.60	2.42
39	जम्मू और कश्मीर	जम्मू	72.97	42.05
40		श्रीनगर	150.73	71.30
41	झारखंड	धनबाद यूए	216.15	60.78
42		जमशेदपुर यूए	116.85	52.03
43		रांची यूए	162.12	68.28
44	कर्नाटक	देवनागेरे	15.88	12.36
45		गुलबर्गा	37.14	19.14
46		हुबली -धारवाड़	31.81	17.75
47		बृहत बैंगलोर यूए	541.10	440.24
48	मध्य प्रदेश	देवास	23.68	9.62
49		सागर	23.99	18.93
50		उज्जैन	39.63	15.97
51		भोपाल यूए	286.65	196.45
52		ग्वालियर यूए	137.79	101.28
53		इंदौर यूए	312.59	250.18
54		जबलपुर यूए	217.81	149.61
55	महाराष्ट्र	अकोला	17.49	9.51
56		अमरावती	48.25	32.83
57		चंद्रपुर	18.24	10.18
58		जलगांव	8.60	7.23
59		जलना	10.24	10.22
60		कोल्हापुर	30.44	24.04
61		लातूर	29.50	22.17
62		सांगली	15.47	10.66
63		सोलापुर	63.16	53.81
64		औरंगाबाद यूए	104.20	61.46
65		ग्रेटर मुंबई यूए	1609.46	804.79

66		नवी मुंबई (जीएम) यूए		
67		ठाणे (जीएम) यूए		
68		उल्हासनगर (जीएम) यूए		
69		बदलापुर (जीएम) यूए		
70		नागपुर यूए	214.76	97.76
71		नासिक यूए	132.43	79.20
72		पुणे यूए	418.45	266.53
73		वसई- विरार सिटी यूए	102.47	71.38
74	मेघालय	बर्निहाट	13.09	7.60
75	नागालैंड	दीमापुर	14.91	11.49
76		कोहिमा	16.22	13.55
77	ओडिशा	अंगुल	3.63	1.71
78		बालासोर	9.83	4.62
79		भुवनेश्वर	50.63	44.83
80		कटक	39.52	21.30
81		कलिंग नगर	6.69	5.47
82		राउरकेला	35.77	20.01
83		तालचेर	3.92	3.13
84	पंजाब	डेरा बस्सी	2.14	1.59
85		गोबिंदगढ़	8.22	4.89
86		जालंधर	89.64	55.08
87		खन्ना	9.58	6.02
88		नया नांगल	6.41	2.59
89		पठानकोट/ डेरा बाबा नानक	12.42	4.70
90		पटियाला	37.45	24.52
91		अमृतसर यूए	130.89	116.03
92		लुधियाना यूए	141.73	94.72
93	राजस्थान	अलवर	33.19	25.04
94		उदयपुर	30.72	17.17
95		जयपुर यूए	418.20	344.70
96		जोधपुर यूए	184.86	125.76
97		कोटा यूए	162.85	104.99
98	तमिलनाडु	तूतीकोरिन / थूथुकुडी	19.21	19.12
99		चेन्नई यूए	593.23	389.24

100		मदुरै यूए	105.39	98.98
101		त्रिची यूए	89.62	80.91
102	तेलंगाना	नलगोंडा	7.44	6.14
103		संगारेड्डी	5.05	3.46
104		हैदराबाद (एचवाई) यूए	727.18	561.03
105	उत्तर प्रदेश	अनपरा	3.37	2.27
106		बरेली	165.37	95.92
107		फिरोजाबाद	102.54	75.71
108		गजरौला	8.88	6.19
109		गोरखपुर	150.31	98.37
110		झांसी	39.74	26.17
111		खुर्जा	33.48	17.11
112		मुरादाबाद	176.45	176.41
113		नोएडा	84.24	34.32
114		रायबरेली	28.71	20.00
115		आगरा यूए	379.88	285.68
116		इलाहाबाद यूए	300.68	248.95
117		गाजियाबाद यूए	275.58	256.22
118		कानपुर यूए	577.88	441.23
119		लखनऊ यूए	490.07	435.83
120		मेरठ यूए	187.99	187.93
121		वाराणसी यूए	427.43	333.88
122	उत्तराखंड	देहरादून	90.09	73.91
123		काशीपुर	13.95	13.17
124		ऋषिकेश	16.77	12.62
125	पश्चिम बंगाल	दुर्गापुर	73.89	48.23
126		हल्दिया	13.09	9.28
127		आसनसोल यूए	94.80	59.84
128		कोलकाता (के) यूए	1151.80	963.76
129		हावड़ा (के) यूए		
130		बैरकपुर (के) यूए		
कुल			**16423.56**	**11579.06**

*****